Title : Regarding development of Bateshwar in Agra as a tourist destination **श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) :** आगरा का बाह तहसील क्षेत्र, जो यमुना नदी के किनारे व चम्बल नदी किनारे के मध्य में बटेश्वर बसा है, वह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे मार्ग से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहाँ पर्यटन की दृष्टि से चम्बल में पक्षी व घड़ियाल पर्यटकों के लिये आकर्षण का केंद्र है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी का पैतृक गाँव बटेश्वर है, जो यमुना नदी के किनारे भगवान ब्रह्मलाल महाराज शिव मंदिर (जो तीर्थों के भांजे) माने जाते है। वहीं 22 वें जैन तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ जी जो कि भगवान कृष्ण के पिता श्री बासुदेव जी के चचेरे भाई का गाँव व तीर्थ क्षेत्र बटेश्वर (शौरीपुर) भी यहीं है। बटेश्वर में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की विशाल और दर्शनीय प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए। इस प्रतिमा का उद्देश्य न केवल बाजपेयी जी की स्मृति को संजोना है, बल्कि एक आकर्षण का केंद्र बनाना भी है। जिससे इस ऐतिहासिक स्थल को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलेगी। बटेश्वर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को संरक्षित करते हुए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की विरासत को भी जीवंत रखेगी।